ಮಾನವಸಂಪನ್ಮೂಲವಿಭಾಗ/मानव संसाधन अनुभाग/**HUMAN RESOURCES SECTION**
ಭಾರತೀಯವಿಜ್ಞಾನಸಂಸ್ಥೆ/भारतीय विज्ञान संस्थान/**INDIAN INSTITUTE OF SCIENCE**
ಬೆಂಗಳೂರು/बेंगलूर/**BANGALORE – 560012**
ದೂರವಾಣಿ/दूरभाष/**TELEPHONE : 080-2293-2916/2293**
ಇ-ಮೇಲ್/E-mail/ईमेल : recruitment.nt@iisc.ac.in

**विज्ञापन संख्या आर(एचआर)/भर्ती-1/2026 दिनांक 26 मई 2026**

भारतीय विज्ञान संस्थान, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केंद्रीय वित्त पोषित तकनीकी संस्थान है, जिसने राष्ट्र के विकास में एक शताब्दी से अधिक योगदान किया है, नए बुनियादी ढांचे (भवन एवं उपकरण) तथा कई नए अंतरविषयक कार्यक्रम और प्रतिभाशाली संकाय स्थापित किए हैं और उन्नत शिक्षा एवं अनुसंधान में विश्वगुरु बनने के ध्येय पर अग्रसर है।

संस्थान निम्नलिखित पद के लिए व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है, जिसे एक निश्चित अवधि के लिए **प्रतिनियुक्ति आधार पर** भरा जाना है:

| पद | रिक्तियों की संख्या | आवश्यक योग्यता और अनुभव | समूह | आयु सीमा | |
|---|---|---|---|---|---|
| उप प्रशासनिक अधिकारी | 06 | (i) न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की उपाधि।<br><br>(ii) केंद्र / राज्य सरकार /केंद्र शासित प्रदेशों या केंद्रीय विश्वविद्यालयों / संस्थानों / स्वायत्त निकायों या केंद्रीय सरकारी प्रयोगशालाओं, सांविधिक संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी।<br><br>(क) अनुरूप पद धारक अथवा<br>(ख) 7 वें सीपीसी के अनुसार वेतन स्तर 07 और उससे ऊपर के अधीक्षक या समकक्ष पद पर कम से कम 05 वर्ष का अनुभव। | बी | 56 वर्ष | स्तर – 08<br>7वे सीपीसी के अनुसार<br>(₹47600 – 151100) |

**नियम और शर्तें:**

1. उम्मीदवार का भारत का नागरिक होना अनिवार्य है।
2. उप प्रशासनिक अधिकारी का पद के लिए नियुक्ति प्रतिनियुक्ति आधार पर 5 वर्ष के लिए होगी अथवा तब तक जब तक फीडर कैडर के कर्मचारी पदोन्नति के पात्र न हो जाएं अथवा 60 वर्ष की आयु प्राप्त न कर लें, इनमें से जो भी पहले हो अथवा भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों द्वारा जो भी निर्धारित किया गया हो। हालांकि, निष्पादन के आधार पर और संस्थान की कार्यात्मक आवश्यकताओं के अनुसार अवधि को बढ़ाया अथवा घटाया जा सकता है।
3. उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में कोई अनुवर्ती पत्राचार नहीं किया जाएगा। भौतिक रूप से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. ऑनलाइन आवेदन में भरे गए सभी ब्यौरे अंतिम माने जाएंगे और उसके बाद उसमें कोई बदलाव स्वीकार नहीं किया जाएगा, और भर्ती प्रक्रिया के दौरान उन्हीं को विचाराधीन रखा जाएगा। अपलोड किए गए दस्तावेज़ स्पष्ट और दृष्टिगोचर होने चाहिए।

5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन, पूर्व सैनिक, ट्रांसजेंडर और महिला उम्मीदवारों को 50 रुपये प्रसंस्करण शुल्क देना होगा। अन्य उम्मीदवारों को 450 रुपये आवेदन शुल्क और 50 रुपये प्रसंस्करण शुल्क देना होगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा या समायोजित नहीं किया जाएगा।
6. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न प्रारूप (**अनुलग्नक-ए)** के अनुसार होने चाहिए। ये प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि के साथ नियोक्ता संगठन के पत्रशीर्ष पर होने चाहिए।
7. वर्तमान नियोक्ता के संगठन के पत्रशीर्ष पर **एनओसी और सतर्कता अनापत्ति / सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र** पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर लगाए गए किसी भी बड़े या छोटे दंड का विधिवत उल्लेख करते हुए, अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपलोड किया जाना चाहिए अथवा सीधे उप कुलसचिव (एचआर), एचआर अनुभाग प्रथम तल, जेआरडी टाटा स्मारक पुस्तकालय, आईआईएससी को लिफाफे पर विज्ञापन संख्या अंकित करते हुए भेजा जाना चाहिए।
8. अलग वेतनमानों वाले पीएसयू/स्वायत्त निकायों से अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को उनके अनुभव पर विचार करने के लिए समकक्षता प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा।
9. स्नातक उपाधि के लिए सीजीपीए/जीपीए प्रणाली के तहत ग्रेड प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय/संस्थान के दिशानिर्देशों के अनुसार प्राप्त अंकों का सही प्रतिशत प्रस्तुत करना होगा ताकि सीजीपीए/जीपीए को उचित प्रतिशत में परिवर्तित किया जा सके। सीजीपीए/जीपीए को उचित प्रतिशत में परिवर्तित करने के लिए दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है।
10. इस पद के लिए चयन पूरी तरह से **कार्योन्मुख अभिक्षमता परीक्षण (100% भार) के आधार पर होगा। यदि परीक्षाएं एक से अधिक सत्रों में आयोजित की जाती हैं, तो विभिन्न सत्रों में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों को मानक मानदंडों के अनुसार सामान्यीकृत किया जाएगा। कार्योन्मुख योग्यता परीक्षा का परीक्षा प्रतिरूप और पाठ्यक्रम अनुलग्नक-बी में दिया गया है। कार्योन्मुख अभिक्षमता परीक्षण 03 जुलाई 2026 को आयोजित की जाने की संभावना है।**
11. निर्धारित योग्यता और अनुभव न्यूनतम आवश्यकताएँ हैं, और केवल इन योग्यताओं और अनुभव का होना ही उसे कार्योन्मुख अभिक्षमता परीक्षण के लिए आमंत्रित किए जाने का हकदार नहीं बना देता। संस्थान योग्यता और अनुभव के आधार पर कार्योन्मुख अभिक्षमता परीक्षण के लिए प्रवेश पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उचित सीमा तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
12. आवेदन के प्रस्तुति की अंतिम तिथि तक प्रतीक्षा किए बिना, आवेदन पहले ही जमा कर दिए जाने चाहिए।
13. संस्थान द्वारा उम्मीदवार की पात्रता से संबंधित सभी मामलों में लिया गया निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।
14. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार रखता है। संस्थान किसी भी प्रशासनिक कारण से किसी भी स्तर पर विज्ञापन/भर्ती को रद्द करने का अधिकार भी रखता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।
15. कार्योन्मुख अभिक्षमता परीक्षण में शामिल होने के लिए बुलावा पत्र केवल चयनित उम्मीदवारों को ईमेल द्वारा भेजे जाएंगे। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से अपना पंजीकृत ईमेल जाँचते रहे। जिन आवेदकों का चयन नहीं हुआ है या जिन्हें कार्योन्मुख अभिक्षमता परीक्षण के लिए नहीं बुलाया गया है, उनसे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
16. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति संस्थान की आवश्यकताओं के अनुसार चिकित्सकीय रूप से तंदुरुस्त पाए जाने पर निर्भर होगी।
17. सेवाकाल के दौरान, प्रत्येक कर्मचारी को योजना, विनियम और उपनियम (एसआरबी), प्रशासनिक नियमावली, अन्य वैधानिक दस्तावेज, सीसीएस (आचरण) नियम और सीसीएस (सीसीए) नियम आदि का पालन करना, आज्ञापालन करना और अनुपालन करना होगा।
18. प्रतिनियुक्ति के नियम एवं शर्तें डीओपीटी के ओएम संख्या 6/8/2009-ईएसटीटी (वेतन-II) दिनांक 17.06.2010 और भारत सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए समेकित दिशानिर्देशों द्वारा शासित होंगे।
19. संस्थान के पास सेवा काल के दौरान किसी भी समय उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों या पूर्ववृत्त की जांच करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज असली नहीं पाए जाते हैं, तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी और अनुशासनात्मक / आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाएगी।
20. परिणाम प्रकाशित करने से पहले आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी का विधिवत सत्यापन किया जाएगा। यदि उम्मीदवार अपने द्वारा भरी गई जानकारी का प्रामाणिक प्रमाण प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, तो उनकी उम्मीदवारी तत्काल रद्द कर दी जाएगी।
21. चयन प्रक्रिया से संबंधित कोई भी विवाद बेंगलुरु पर अधिकार क्षेत्र रखने वाले माननीय न्यायालय/अधिकरण के अधीन होगा।
22. यदि अधिसूचना के अंग्रेजी और अन्य भाषा संस्करणों के बीच व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण में दिए गए विस्तृत निर्देश अंतिम होंगे।

23. इस विज्ञापन से संबंधित शुद्धिपत्र/अनुशेष यदि कोई है तो, केवल संस्थान की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
24. **ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए** भर्ती पोर्टल **26.05.2026 से 15.06.2026 (रात 11:55 बजे)** तक खुला रहेगा।

इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे संस्थान के पोर्टल https://iisc.ac.in/careers/regular-positions/ पर जाकर **15.06.2026** या उससे पहले ऑनलाइन आवेदन करने तथा शैक्षिक योग्यता, आयु, नि:शक्तता, अनुभव, **एनओसी और सतर्कता अनापत्ति / सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र** आदि दावों का समर्थन करने वाले और यदि कोई अन्य हो तो, प्रमाण पत्र अपलोड करें।

दिनांक: **26.05.2026** कुलसचिव

**<u>Format for Experience Certificate</u>**

This is to certify that Mr./Ms./Dr. ___________ , S/o/D/o __________________ is an employee of _____________________ (Employer name) and duties performed by him in various posts are hereunder:

| **Sl. No.** | **Name of the post held** | **Nature of Appointment (Regular/Contract)** | **Period of Appointment** | | **Length of Service (Years, Months)** | **Department /Section** | **Pay level as per $7^{th}$ CPC** | **IDA Scale/Equivalence to $7^{th}$ CPC Scale** | **Last Basic Pay Drawn** | **Nature of Duties (Admin/Finance/Technical/ Others etc** | **Any other Remarks** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **From (DD/MM/YYYY)** | **To (DD/MM/YYYY)** | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | |

**It is certified that above facts and figures are true and based on service records available in our organization.**

**Date:** **Signature of Competent Authority**

**Place:**

**Note: The above table has to be filled for all experience mentioned in the application form in chronological order starting from the present experience.**

## उप प्रशासनिक अधिकारी के पद के लिए विस्तृत पाठ्यक्रम

### विषयों का सारांश, प्रश्नों की संख्या, अधिकतम अंक और परीक्षा की अवधि

| क्र. सं. | विषयों का विवरण | | प्रश्नों की संख्या | प्रश्नों की कुल संख्या | अधिकतम अंक | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भाग-I | सामान्य प्रशासन, वित्त एवं लेखा तथा क्रय एवं भंडार। | 50 | 100 | 100 | 1.5 घंटा (90 मिनट) |
| 2 | भाग -II | सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य गणित | 30 | | | |
| 3 | भाग -III | एसएपी प्रवीणता | 20 | | | |

**पाठ्यक्रम**

| **भाग-I** | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **प्रकरण / विषय** | **प्रश्नों की संख्या** | **कुल अंक** |
| 1. | **सामान्य प्रशासन:**<br>एफआर और एसआर<br>सीसीएस आचरण नियम<br>सीसीएस (सीसीए) नियम<br>वेतन/डीए/एचआरए<br>कार्यग्रहण समय नियम<br>चिकित्सीय परिचर्या नियम<br>ऋण और अग्रिम<br>भर्ती, आरक्षण और नियुक्ति में रियायतें<br>त्यागपत्र और तकनीकी त्यागपत्र<br>यात्रा भत्ता<br>प्रतिनियुक्ति और विदेश सेवा<br>कार्यालय प्रक्रिया नियम पुस्तिका<br>सूचना का अधिकार | 20 | 20 |
| 2. | **वित्त एवं लेखा:**<br>वित्तीय लेखाकार्य, लागत लेखाकार्य, प्रबंधन लेखाकार्य, वैचारिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं को शामिल करते हुए लेखापरीक्षण<br>केंद्रीय स्वायत्त निकायों और उच्च शिक्षा संस्थानों के वित्तीय विवरण<br>बजट निर्माण और कार्यान्वयन<br>सहायता अनुदान का लेखांकन | 15 | 15 |
| 3. | **क्रय एवं भंडार:**<br>सामान्य वित्तीय नियम<br>वस्तुओं, सेवाओं और कार्यों के लिए सार्वजनिक खरीद<br>सरकारी ई-मार्केटप्लेस<br>केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल | 15 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अनुबंध प्रबंधन<br>माल प्रबंधन और नियंत्रण खरीद नियमावली<br>वस्तुओं का आयात | | |
| | **कुल** | 50 | 50 |
| **भाग-II** | | | |
| 1. | सामान्य ज्ञान | 05 | 05 |
| 2. | सामान्य बुद्धिमत्ता | 05 | 05 |
| 3. | सामान्य अंग्रेजी | 15 | 15 |
| 4. | सामान्य गणित | 05 | 05 |
| | **कुल** | 30 | 30 |
| **भाग-III** | | | |
| 1. | एसएपी प्रवीणता | 20 | 20 |
| | **कुल** | 20 | 20 |

**सामान्य बुद्धिमत्ता (5 प्रश्न):**
इसमें गैर-मौखिक प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे। परीक्षा में समानता और अंतर, स्थानिक दृश्यता, समस्या समाधान, विश्लेषण, विनिर्णय, निर्णय क्षमता, दृश्य स्मृति, विवेकी अवलोकन, संबंध अवधारणाएं, आकृति वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, गैर-मौखिक श्रृंखला आदि से संबंधित प्रश्न होंगे। परीक्षा में ऐसे प्रश्न भी शामिल होंगे जो उम्मीदवार की अमूर्त विचारों और प्रतीकों तथा उनके संबंधों, अंकगणितीय गणना और अन्य विश्लेषणात्मक कार्यों से निपटने की क्षमताओं का परीक्षण करेंगे।

**सामान्य ज्ञान (5 प्रश्न):**
उम्मीदवार की अपने आसपास के पर्यावरण के बारे में सामान्य जागरूकता और समाज पर इसके अनुप्रयोग का परीक्षण करने के लिए प्रश्न डिजाइन किए जाएंगे। वर्तमान घटनाओं का ज्ञान और रोजमर्रा के अवलोकन और अनुभव से संबंधित ऐसे विषयों के वैज्ञानिक पहलुओं के ज्ञान का परीक्षण करने के लिए भी प्रश्न डिजाइन किए जाएंगे, जिनकी एक शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है। परीक्षा में भारत और उसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे, विशेष रूप से खेल, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, भारतीय संविधान सहित सामान्य राजनीति और वैज्ञानिक अनुसंधान आदि से संबंधित प्रश्न। । यह प्रश्न ऐसे होंगे जिनके लिए किसी विशेष विषय के अध्ययन की आवश्यकता नहीं होगी।

**सामान्य गणित (5 प्रश्न):**
इस प्रश्नपत्र में संख्या प्रणाली, पूर्ण संख्याएँ, दशमलव और अंश की गणना, संख्याओं के बीच संबंध, मूलभूत अंकगणितीय क्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात और समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, छूट, तालिकाओं और आलेखों का उपयोग, क्षेत्रमिति, समय और दूरी, अनुपात और समय, समय और कार्य आदि से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे।

**अंग्रेजी भाषा (15 प्रश्न):**
उम्मीदवारों की अंग्रेजी भाषा के मूल सिद्धांतों, शब्दावली, व्याकरण, वाक्य संरचना, समानार्थी शब्द, विलोम शब्द और उनके सही उपयोग आदि की समझ/उनकी लेखन क्षमता का परीक्षण किया जाएगा।

**एसएपी प्रवीणता (20 प्रश्न):**
इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्न उम्मीदवार की एसएपी सॉफ्टवेयर से संबंधित विभिन्न कार्यों को संभालने की क्षमता का परीक्षण करने के उद्देश्य से होंगे, जिनमें मानव संसाधन मॉड्यूल, वित्त मॉड्यूल और क्रय मॉड्यूल शामिल हैं।